प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 28.11.2024

- **थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा तिलक समारोह से गुमशुदा हुए एक मूक बधिर किशोर को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।**
- **पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सूचना प्राप्त होने के मात्र 03 घण्टे के अन्दर किशोर की बरामदगी की गयी।**

कृपया अवगत कराना है कि पुलिस अधीक्षक महोदय कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में गुमशुदा बच्चों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द करने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 28.11.2024 को राजकुमार पुत्र रामेश्वर निवासी बारापुर थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात द्वारा चौकी तिश्ती में सूचना दी गयी कि उसका भाई हरिशंकर पुत्र रामेश्वर उम्र लगभग 15 वर्ष जोकि मूक बधिर है, वह दिनांक 24.11.2024 को गांव के तिलक समारोह में शामिल होने शिव सुधा पैलेस तिश्ती गया था जहां से वह अचानक कहीं चला गया था जिसका काफी ढ़ंढने पर भी कोई पता नहीं चला है। उक्त सूचना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए चौकी प्रभारी तिश्ती उ0नि0 कृपाल सिंह व आरक्षी केशव यादव द्वारा परिजनों के साथ हरिशंकर की मिलने के सम्भावित स्थानों, सुनसान जगहों व कई गांव में तलाश की गयी। काफी प्रयास के बाद हरिशंकर उपरोक्त को कृष्णदत्त निवादा थाना रसूलाबाद से सकुशल बरामद किया गया, जिसे सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस द्वारा सूचना प्राप्त होने के मात्र 03 घण्टे के अन्दर किशोर की बरामदगी की गयी है। पुलिस के इस सराहनीय कार्य की परिजनों तथा लोगों द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।

बरामद करने वाली थाना रसूलाबाद पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 श्री कृपाल सिंह चौकी प्रभारी तिश्ती
2. का0 केशव यादव